**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**भारत सरकार**

## महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- जुलाई, 2023

1. **माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**:

   अनुलग्नक-I में दी गई हैं।

2. **व्यापक अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत पहलू/मामले आदि**:

   शून्य।

3. **मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से लंबित अभियोजन के लिए स्वीकृति के मामले**:

   शून्य।

4. **ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या स्थापित नीति में छूट दी गयी है**:

   शून्य

5. **चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):**

   परिसर की दैनिक सफाई।

6. **स्वायत्त निकायों के पुनर्गठन की स्थिति:**

   मंत्रिमंडल ने दिनांक 13 जुलाई, 2022 को हुई अपनी बैठक में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन 5 स्वायत्तशासी निकायों का एक स्वायत्तशासी निकाय में विलय करने के लिए अपना अनुमोदन दे दिया। इसे लागू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

7. **प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए मंत्रालय द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:**

   समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

8. **स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:**

   इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों में मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

9. **ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**:

   इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

10. **माह के दौरान पास कर दिए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** :

    लागू नहीं।

*******

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने 27 जुलाई 2023 को अपना 17वां स्थापना दिवस मनाया।
- माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री, श्री किरेन रिजिजू ने वर्चुअल माध्यम से पोर्ट ब्लेयर, इंफाल, कोहिमा और आइजोल में चार मौसम विज्ञान केंद्रों का उद्घाटन किया।
- माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS) द्वारा महासागर सूचना और परामर्शिका सेवाओं के संबंध में अभियान का उद्घाटन किया।
- माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) और राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र (NCCR) का दौरा किया।
- माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री और यूरोपीय पर्यावरण, महासागर और मत्स्य पालन, संघ (EU) के यूरोपीय आयुक्त, श्री वर्जिनिजस सिंकेविसियस के बीच एक द्विपक्षीय बैठक पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में आयोजित की गई थी, जिसमें दोनों पक्षों के सामान्य मुद्दों, जैसे समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था, समुद्री कूड़े, समुद्री जैव- विविधता, समुद्री संरक्षित क्षेत्र (एमपीए) तथा समुद्र और मत्स्यन संवाद पर चर्चा की गई थी। ।
- बांग्लादेश और मॉरीशस से एक-एक वैज्ञानिक, कुल दो वैज्ञानिकों ने कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव (सीएससी) के क्षेत्रीय ढांचे के तहत भारत के अनुसंधान पोत 'सागर निधि' पर भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र द्वारा अरब सागर में आयोजित समुद्री अभियान में भाग लिया।
- राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान ने महासागर विज्ञान उपकरण "मूएड बुयो डेटा एनालिसिस एंड रिप्रेजेंटेशन टूल (एम-डार्ट)" जारी किया और भारतीय नौसेना को सौंप दिया।
- राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान ने मेसर्स नेक्स्ट इंजी एनवायरो प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद के साथ "मेट ओशन बुयो सिस्टम-I और II के मैकेनिकल कलपुर्जों" के संबंध में प्रौद्योगिकियों के लिए दो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण लाइसेंसिंग समझौतों का आदान-प्रदान किया।
- माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री द्वारा शोलापुर महाराष्ट्र में आयोजित आईआईटीएम के क्लाउड एरोसोल और वर्षा संवर्धन प्रयोग क्लाउड सीडिंग प्रयोग के परिणामों और अनुशंसाओं के संबंध में एक रिपोर्ट जारी की गई है।
- भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के बीच एक संयुक्त अनुसंधान पहल के तहत EKAMSAT पहल (एनहेंसिंग नोलेज ऑफ दी अरेबियन सी मरीन एनवायरनमेंट थ्रू साइंस एंड एडवांस्ड ट्रेनिंग) के एक भाग के रूप में ग्रीष्मकालीन मानसून अवधि के दौरान आईआईटीएम द्वारा अरब सागर के साथ-साथ अंतर्देशीय स्थान शोलापुर, महाराष्ट्र पर ब्लैक कार्बन एरोसोल (बीसी) के पहले समवर्ती प्रेक्षण किये गए।
- ग्लोबल एन्सेम्बल फोरकास्ट सिस्टम (जीईएफएस) के 10 वर्षों के जलवायु विज्ञान का उपयोग करके आईआईटीएम में एक्सट्रीम फोरकास्ट इंडेक्स (ईएफआई) तैयार किया गया है। ईएफआई 5 दिनों के लीड टाइम के लिए तैयार किया जाता है।

- आईआईटीएम ने शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर, आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एपीएसडीएमए); तेजपुर विश्वविद्यालय, असम और आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज (ARIES), उत्तराखंड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने मौसम और जलवायु विज्ञान में अनुसंधान के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के चौथे पैराडाइम संस्थान (सीएसआईआर-4पीआई) तथा शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), राउरकेला के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- अंटार्कटिका के 42वें भारतीय वैज्ञानिक अभियान (42-आईएसईए) के शीतकालीन प्रतिभागियों ने अंडर वाटर कॉलम के भौतिक मापदंडों का डेटा एकत्र करने के लिए पूर्वी अंटार्कटिका के प्राइड्ज़ खाड़ी में आइस देदर्ड ओशनोग्राफिक मूरिंग को तैनात किया।

- समुद्री सजीव संसाधन एवं पारिस्थितिकी केन्द्र ने टिश्यू बायोबैंक/बायोरिपोजिटरी की स्थापना की, जो अति-निम्न तापमान पर विभिन्न जैविक नमूनों के व्यवस्थित संग्रह और भंडारण की सुविधा प्रदान करती है।

- राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केन्द्र द्वारा "एडवांसेज इन कोस्टल रिसर्च विद स्पेशल रेफरेंस टू इंडो पैसिफिक (AdCoRe - IP 2023)" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- कनाडा के पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री ने भारत में कनाडा के उच्चायुक्त के साथ राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान और राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केन्द्र का दौरा किया।

- •AdCoRe-IP 2023 के अवसर पर राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केन्द्र द्वारा भारत के दक्षिणपूर्वी तट, पाक खाड़ी में कोरल रीफ रेजिलिएंस अध्ययन और तमिलनाडु के लिए तटीय बाढ़ जोखिम एटलस (CIRA) पर तकनीकी रिपोर्ट जारी की गई।

- इंकॉइस को इंटरनेशनल ओशन-कलर कोऑर्डिनेटिंग ग्रुप (IOCCG) द्वारा हैदराबाद में IOCCG ग्रीष्मकालीन व्याख्यान श्रृंखला (SLS) की मेजबानी के लिए चुना गया।

- दक्षिण पश्चिम मानसून ऋतु, 2023 के उत्तरार्ध (अगस्त से सितंबर तक की अवधि) के दौरान पूरे देश में वर्षा सामान्य (दीर्घकालिक औसत (एलपीए) का 94 से 106%) होने की बहुत संभावना है।

- दक्षिण-पश्चिम मानसून 8 जुलाई की सामान्य तारीख की तुलना में 2 जुलाई 2023 (पूरे देश में कवरेज की सामान्य तारीख से 6 दिन पहले) को आगे बढ़ गया है।

- वर्तमान में, भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र पर कमजोर अल नीनो की स्थिति बनी हुई है।

  निर्णय/अनुमोदन की आवश्यकता वाला कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

<u>न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन;</u>

- किसान पोर्टल और सरकारी निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए उपयोक्ता समुदायों के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान में, देश में लगभग 7.6 मिलियन किसान सीधे ही परामर्शिकांए प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल के माध्यम से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।

- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं को ईमेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

## <u>वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क</u>

| **प्रेक्षण का प्रकार** | **अब तक चालू किए गए** | **महीने के दौरान स्थापित।** | **डेटा रिपोर्टिंग।** |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *491 | -- | 491 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | **507 | -- | 507 |
| एग्रो एडब्ल्यूएस | 200 | -- | 195 |
| ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) सोंडे आधारित रेडियो सोंडे (आरएस)/रेडियो विंड (आरडब्ल्यू) स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार | ***40 | -- | 30 |
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 02 | -- | 02 |
| सतह ओजोन (<u>विद्युत-रासायनिक सांद्रता सेल</u> विधि) | 07 | -- | 05 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 09 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 17 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 19 |
| वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (सफर) | 10 (दिल्ली)<br>10 (मुंबई)<br>10 (अहमदाबाद) | -- | 09 (दिल्ली)<br>****शून्य (मुंबई)<br>शून्य (अहमदाबाद) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य विभाग) | --- | -- | 3082 |
| विमानन | 99 | -- | 99 |
| रेडिएशन स्टेशन | 47 | --- | 47 |

* स्थापित किए गए कुल 808 में से 317 पुराने हैं।

** स्थापित किए गए कुल 1382 में से 875 पुराने हैं।

***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के दो डॉप्लर मौसम रडार सहित।

****फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**

जुलाई, 2023 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) डिफेंस जियो-इनफोर्मेटिक्स रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (DGRE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए। माह के अंतिम गुरुवार अर्थात् 27 जुलाई, 2023 को अगस्त, 2023 के लिए मान्य मासिक औसत पूर्वानुमान भी प्रयोगकर्ताओं के लिए शामिल किए गए थे।

**मासिक मौसम सारांश (जुलाई 2023)**

## क) माह के दौरान महत्वपूर्ण मौसम संबंधी घटनाएं

निम्न दबाव प्रणालियाँ:

बंगाल की खाड़ी के ऊपर चार निम्न दबाव के क्षेत्र (16-17 जुलाई**,** 20-22 जुलाई**,** 24-28 जुलाई और 29-31 जुलाई 2023) बने हैं।

पश्चिमी विक्षोभ :

4 पश्चिमी विक्षोभ ने उत्तर भारत को प्रभावित किया (6-11 जुलाई 2023 को 1 पश्चिमी विक्षोभ ने मानसूनी प्रणालियों के साथ अंतर्क्रिया के परिणामस्वरूप उत्तर पश्चिम भारत में 13-18 जुलाई, 20-23 जुलाई और 28-31 जुलाई 2023 को अत्यधिक भारी वर्षा हुई)।

वर्षा :

दो प्रमुख अत्यधिक भारी वर्षा (एक दिन में 204 मिमी से अधिक) अर्थात i) 8-13 जुलाई 2023 को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम भारत के निकटवर्ती मैदानी इलाकों में; ii) 18-28 जुलाई 2023 को गुजरात, महाराष्ट्र (मुंबई सहित), गोवा और कर्नाटक में हुई।

चार असाधारण भारी वर्षा की घटनाएं (एक दिन में 240 मिमी से अधिक) अर्थात् 1) 9 जुलाई 2023 को चंडीगढ़ और आसपास के हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में; ii) 18 जुलाई 2023 को सौराष्ट्र, वेरावल; iii) 20 जुलाई 2023 कोंकण; iv) 27 जुलाई 2023 तेलंगाना में हुई।

**ख) वर्षा परिदृश्य:**

जुलाई 2023 के महीने में पूरे देश में 315.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो कि इसकी दीर्घअवधि के औसत (LPA) 280.5 मिमी का 113% है।

## ग) भारी वर्षा की घटनाएँ:

| जारी की गई चेतावनी | भारी/बहुत भारी वर्षा की घटनाओं की संख्या (>64.4 मिमी): 330 |
|---|---|
| | वर्षा के लिए सही प्रतिशत (% में)> 64.4 मिमी |
| दिन 1 / 24 घंटे | 74 |
| दिन 2 / 48 घंटे | 75 |
| दिन 3 / 72 घंटे | 73 |

**घ) तापमान परिदृश्य** :
पूरे देश के लिए जुलाई-2023 के महीने का औसत तापमान 28.39 डिग्री सेल्शियस था जो सामान्य से +0.41 डिग्री सेल्शियस अधिक था। 4 जुलाई 2023 को गंगानगर और बीकानेर (पश्चिमी राजस्थान) में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्शियस और महीने के दौरान देश के मैदानी इलाकों में 26 जुलाई 2023 को नांड्याल (रायलसीमा) में 18.4 डिग्री सेल्शियस का न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

**ङ) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं**:
माह के दौरान (माह की अंतिम तिथि को 08:30 तक भारतीय मानक समय) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं नीचे तालिका में दी गई हैं:

| क्र.सं. | क्षेत्र | गरज/ के साथ तूफान वाले दिन | ओलावृष्टि की घटनाएं | गरजने की घटनाएँ | धूल भरी आंधी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत | 25 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2. | उत्तरी पश्चिमी भारत | 31 | 1 {श्रीनगर - 26 जुलाई } | शून्य | शून्य |
| 3. | पूर्वोत्तर भारत | 30 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 4. | पूर्वी भारत | 31 | शून्य | 4 {पोर्टब्लेयर- 02, 24, 30 जुलाई , गया - 29 जुलाई} | शून्य |
| 5. | मध्य भारत | 30 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 6. | पश्चिमी भारत | 22 | शून्य | शून्य | शून्य |

**जारी किए गए बुलेटिन/ चेतावनी /प्रेस विज्ञप्तियां:**
अखिल भारत मौसम बुलेटिन:- 124, अखिल भारत में विषम मौसम का अनुमान और चेतावनी:- 124, अखिल भारत साप्ताहिक मौसम रिपोर्ट:- 4, अगले 5 दिनों तक साइक्लोजेनेसिस पूर्वानुमान के साथ दैनिक उष्णदेशीय मौसम पूर्वानुमान: 31, प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान कार्यक्रम के अन्तर्गत अगले 5 दिनों के लिए दैनिक प्रतिकूल मौसम दिशानिर्देश: 31, अगले 2 सप्ताहों के लिए साइक्लोजेनेसिस के लिए साप्ताहिक विस्तारित अवधि पूर्वानुमान: 4, अगले 5 दिनों के लिए उत्तरी हिंद महासागर में मछुआरों के लिए दैनिक चेतावनी: 31, अगले 12 घंटों के लिए भारतीय नौसेना हेतु फ्लीट पूर्वानुमान: 62, अगले 36 घंटों के लिए वैश्विक समुद्री संकट सुरक्षा प्रणाली के अन्तर्गत गहरे समुद्र में जहाजों के लिए बुलेटिन: 62, पश्चिमी और मध्य हिमालयी क्षेत्र के लिए जारी किये गये पर्वतीय मौसम बुलेटिन:- 62, भारतीय सेना (हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल) द्वारा संचालित माउंट कुन अभियान के लिए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन : 4, NIMAS (राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान) द्वारा आयोजित अभियान माउंट नन अभियान के लिए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन,: 18, प्रतिकूल मौसम के लिए नाउकास्ट मार्गदर्शन बुलेटिन:- 31 , पूर्वानुमान प्रदर्शन परियोजना (FDP) गंभीर गरज युक्त तूफान प्रेक्षण और क्षेत्रीय मॉडलिंग (स्टॉर्म) बुलेटिन: 31, वर्तमान तापमान स्थिति और लू चेतावनी बुलेटिन: -31, महीने के दौरान जारी प्रेस विज्ञप्ति: - 43

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्टें:**

1. जून, 2023 माह के लिए जलवायु सारांश जारी किए गए।
2. जुलाई 2023 के महीने के लिए ईएनएसओ बुलेटिन और जुलाई से अक्टूबर 2023 की अवधि के लिए दक्षिण एशिया मौसमी जलवायु आउटलुक जारी किए गए।
   (त्वरित लिंक: www.imdpune.gov.in/Clim_Pred_LRF_New/Products.html)
3. मार्च एवं अप्रैल 2023 माह का क्लाइमेट डायग्नोस्टिक बुलेटिन प्रकाशित एवं वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।
4. डिजिटल करंट वेदर इंडिकेशन सिस्टम (DCWIS) और प्रेजेंट वेदर डिटेक्टर (PWD) सिस्टम्स को गोंडिया  हवाई अड्डे (Runway (RWY) 04)पर स्थापित किया गया, पंतनगर हवाई अड्डे (RWY 10) पर PWD प्रणाली स्थापित की गई, तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे (RWY 32) पर PWD प्रणाली स्थापित की गई।
5. अगरतला RWY 05/23, लीलाबाड़ी RWY 04/22, बारापानी (शिलांग) RWY 04/22, तेजू RWY 04/22, इंफाल RWY 04/22, दीमापुर RWY 12/30, रूपसी RWY 05/ 23, डिब्रूगढ़ RWY 05/23, डोनयी पोलो (होलोंगी) RWY 08/26, गुवाहाटी RWY 02/20, आइजोल (लेंगपुई) RWY 17/35 पर पीडब्ल्यूडी सिस्टम स्थापित किए गए थे।

**भूकंपविज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक स्थापित | माह के दौरान डेटा रिपोर्टिंग |
|---|---|---|
| भूकंप पूर्वानुमान केन्द्र | 153 | 131 |

**भूकंप और सुनामी की निगरानी**

भूकंप:
भारतीय क्षेत्र में 108  भूकंपों की निगरानी की गई, जिसमें से 3 भूकंपों की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।

सुनामी**:**
इस माह के दौरान सुनामी उत्पन्न कर सकने की क्षमता वाले 2 समुद्र तलीय भूकंप (6 से अधिक तीव्रता वाले) आए। यह सूचना भूकंप आने के 12 मिनट से कम समय के अंदर उपलब्ध कराई गई।

**समुद्र प्रेक्षण प्रणाली**

| प्लेटफॉर्म का प्रकार | माह के दौरान आरंभ किये गये | माह के दौरान प्राप्त डेटा |
|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स | 80 | 45 |
| मूरेड बुवॉय | 19 | 12 |
| टाइड गेज | 36 | 32 |
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 10 | 8 |
| एकाउस्टिक डॉपलर करंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 17 |

| | | |
|---|---|---|
| सुनामी बुवॉय | 7 | 1 |
| वेव राइडर बुवॉय | 16 | 11 |

**समुद्र विज्ञान सेवाएँ**

| क्र.सं. | पूर्वानुमान के प्रकार | महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | इंटीग्रेटेड पोटेंशियल फिशिंग जोन (PFZ) एडवाइज़री | 30 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 6 |
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहरें, पवन,धारा, एसएसटी(समुद्र तल का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई)और भारी वर्षा (D20) पूर्वानुमान | 30 |
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 30 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 11 |

**आउटरीच एवं जागरुकता**

- माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने दिल्ली फॉग मॉडल पर NCMRWF की एक लघु डॉक्युमेंटरी मूवी को लॉन्च किया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा भारत में चक्रवात चेतावनी एवं प्रबंधन पर एक वीडियो फिल्म: माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने एक एंड टू एंड सिस्टम रिलीज किया गया।
- आजादी का अमृत महोत्सव के अंग के रूप में मछलीपट्टनम, आंध्र प्रदेश एवं वेरावल, गुजरात में इंकॉइस द्वारा "समुद्री सूचना और परामर्शिका सेवाओं के बारे में दो विशाल जागरुकता अभियान" चलाए गए।
- अन्तरराष्ट्रीय प्रचालनात्मक समुद्रविज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र (ITCOocean) "ऑपरेशनल ओशनोग्राफी, मैरीन मीटरोलॉजी एवं ऑपरेशनल ओशन फोरकास्टिंग, वार्निंग एवं एडवाइजरी सर्विसेज" के बारे में ऑफशोर एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन इंडस्ट्रीज के लिए दो (2 दिवसीय) प्रशिक्षण कार्यक्रम 11-12 जुलाई, 2023 को संचालित किए गए।
- आईआईटीएम ने पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में विभिन्न जागरुकता गतिविधियां संचालित करते हुए हरियाली सप्ताह / वन महोत्सव 2023 मनाया।
- विभिन्न स्कूलों / विश्वविद्यालयों / संस्थानों के विद्यार्थियो ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के विभिन्न संस्थानों का दौरा किया।

- भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी तट, अंडमान एवं निकोबार दीपसमूहों के लिए दो सौ छह (206) ऊंची लहर / महातरंग लहर चेतावनी / अशांत सागर चेतावनी जारी की गईं।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में लगभग 5 मिनट अवधि के मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी वीडियो प्रतिदिन जारी किए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को विस्तृत अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किया जाता है।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा देशभर के अंदर पूर्वानुमानकर्ताओं द्वारा दैनिक साक्षात्कार दिया गया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से पूर्वानुमान वीडियो क्षेत्रीय भाषाओं में जारी किए गए।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनी सोशल मीडिया समेत फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज के माध्यम से भी जारी किए गए।

**प्रकाशन**

| **विषय** | **प्रकाशन** | | | **पीएचडी** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **अप्रैल 2023 – जून 2023** | **जुलाई 23** | **कुल** | **अप्रैल 2023 – जून 2023** | **जुलाई 23** | **कुल** |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | **39** | 17 | **56** | **5** | 2 | **7** |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | **31** | 5 | **36** | **2** | - | **2** |
| ध्रुवीय विज्ञान | **4** | 3 | **7** | **-** | - | **-** |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | **9** | 9 | **18** | **2** | - | **2** |
| **कुल** | **83** | **34** | **117** | **9** | **2** | **11** |

**पेटेन्ट: 1**

**<u>माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग</u>**

| जलपोत | समुद्र पर दिन / उपयोग | अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी | क्रूज की संख्या |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 26 | 5 | 1 |
| सागर मंजूषा | 16 | 15 | 2 |
| सागर तारा | 15 | 16 | 1 |
| सागर अन्वेषिका | 22 | 9 | 2 |
| सागर कन्या | 0 | 31 | 0 |
| सागर सम्पदा | 0 | 31 | 0 |

**अनुलग्नक II**

एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोधी रोड
नई दिल्ली 110 003
दिनांक: 9अगस्त, 2023

प्रमाण पत्र

(माह जुलाई 2023 के लिए)

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति जुलाई,2023 माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार विवरण नीचे दिया गया है:-

| | |
|---|---|
| (क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या | -13 |
| (ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या | -11 |
| (ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या | -02 |
| (घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या | -00 |
| (ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या | -02 |

(धरकत आर. लुइकेंग)
उप सचिव
dharkat@nic.in